# चालक टैंकर छोड़ा भागा, तनाव की स्थिति बनी

**नगरपालिका कार्यालय पहुंचे नागरिक, नारेबाजी**

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 18 मई. मई माह के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत के साथ ही शहर में भीषण गर्मी और पारे के बढ़ने से जल संकट गहराने लगा है. पानी की किल्लत से परेशान लोग अब सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं. सोमवार को वार्ड क्रमांक 17 सोना सावरी नाका और बैंक कॉलोनी क्षेत्र में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब पानी वितरण के दौरान एक नपा के टैंकर चालक ने वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू और स्थानीय निवासियों के साथ अभद्रता कर दी.**

चालक पानी से भरा टैंकर वहीं छोड़कर चला गया, जिससे नाराज होकर करीब दो दर्जन से अधिक वार्ड वासी और कांग्रेस पदाधिकारी भरी दोपहरी में नगरपालिका कार्यालय पहुंच गए. नपा कार्यालय पहुंचे



आक्रोशित नागरिकों और कांग्रेस नेताओं ने सीएमओ व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गहरा रोष जताया. वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा फोन न उठाए जाने से नाराज होकर कांग्रेस पदाधिकारी मयूर जायसवाल, गजानंद तिवारी, प्रतीक मालवीय, सौम्या दुबे, शुभम चौधरी सहित वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. नपा अधिकारी राजेंद्र शर्मा के समझाने पर भी जब लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो स्थिति को संभालने खुद नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मौके पर पहुंचे.

**टैंकर चालक को हटाया**

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड प्रतिनिधि अभिषेक साहू और उपस्थित महिलाओं व पुरुषों से जल संकट को लेकर विस्तार से चर्चा की. टैंकर चालक के इस अमर्यादित व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने मौके पर ही नपा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे लापरवाह चालक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए. इसके साथ ही उन्होंने वार्ड में नियमित और सुचारू रूप से टैंकर द्वारा पेयजल वितरण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया.

**दो दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो सूरजगंज चौराहे पर होगा धरना**

नपा अध्यक्ष के आश्वासन के बावजूद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल और वार्ड प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने साफ किया है कि वार्ड में जल संकट की स्थिति अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है. उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है. चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी दो दिनों के भीतर वार्ड क्रमांक 17 में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं की गई, तो कांग्रेस पदाधिकारियों और वार्ड वासियों द्वारा सूरजगंज चौराहे पर उग्र धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.इस मौके पर बड़ी संख्या में पीड़ित वार्ड वासी, महिलाएं और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 18 मई. ठाकुर श्री द्वारिकाधीश मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर एक माह तक चलने वाली चार कथाओं की श्रृंखला में प्रथम श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ. सेन परिवार द्वारा अपने पूर्वजों स्व. चेतराम सेन एवं स्व. श्रीमती लुडकई बाई सेन की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा.**

कथा के मुख्य यजमान राजाराम सेन, इंदिरा सेन, आशीष सेन एवं झलक सेन ने व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत पोथी का विधि-विधान से पूजन किया. इसके पश्चात कथा व्यास भागवत भूषण पंडित सौरभ दुबे बिछुआ को व्यास पीठ पर विराजित कर उनका तिलक और पूजन किया गया. कथा के शुभारंभ पर प्रात: 10 बजे सातवीं लाइन स्थित हनुमान मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली गई. यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई ठाकुर श्री द्वारिकाधीश मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा कर भगवान द्वारिकाधीश की विहंगम प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया. कलश यात्रा में सिवनी मालवा से आया 'गजानंद बैंड' मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा. विशेष रथ पर सवार कथा व्यास पंडित सौरभ दुबे का नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया.

**कथा जीव को निर्भय बना देती है**

प्रथम दिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चली कथा में पंडित सौरभ दुबे ने कहा कि मृत्यु को जानने से मन से मृत्यु का भय मिट जाता है. जिस प्रकार राजा परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय पद प्राप्त किया था, उसी प्रकार यह कथा जीव को निर्भय बना देती है. कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ का स्वागत कुंदन श्रीवास, रक्षा श्रीवास, दिनेश श्रीवास, सुरक्षा श्रीवास, विकास श्रीवास, प्रतीक्षा श्रीवास, कृष्णा सेन, मालती सेन, संतोष सेन और उपेंद्र सराठे द्वारा किया गया. वहीं कलश यात्रा का स्वागत सेन समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओम सेन, जिला अध्यक्ष धीरज सराठे और समाज के संरक्षक राकेश सेन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया.

**एक नजर में**

## विद्यार्थियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

**माखननगर, 18 मई.** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखननगर में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी एवं हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए 'आन-द-जॉब ट्रेनिंग का आयोजन 5 से 30 मई तक किया जा रहा है. प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी, व्यवसायिक एवं कौशल आधारित गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है. साथ ही आईटी एवं हेल्थ केयर विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी भी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जा रही है. उक्त प्रशिक्षण प्राचार्य प्रीति झा, व्यवसायिक शिक्षिका ज्योति चंद्रवंशी तथा रश्मि अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है. विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को रोजगारपरक अनुभव एवं नई जानकारियां मिल रही हैं.

## अस्पताल में कूलर न होने से मरीज परेशान

**पिपरिया, 18 मई.** शासकीय अस्पताल में भीषण गर्मी में कूलर की कमी के मरीज परेशान हैं. मरीजों ने चर्चा के दौरान बताया कि इस समय अत्यधिक गर्मी है और अस्पताल में कूलर नहीं होने से उन्हें बहुत परेशानी हो रही है. इस संबंध में बीएमओ ऋचा कटकवार से चर्चा हुई तो उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में गर्भवती महिलाओं के वार्ड में कूलर रखे हुए है. ऊपर के वार्डो में यदि मरीज ज्यादा होते है तो कूलर रखवा दिये जाते है. नीचे के वार्ड में कूलर नहीं होने के बारे में उन्होंने कहा कि इन वार्डों में मरीज कम समय रुकते हैं, इसलिये कूलर नहीं रखे गये हैं.

## एएसपी ने फिरौती मामले की जानकारी ली

**पिपरिया, 18 मई.** एडिशनल एसपी अभिषेक राजन व्यापारी सचिन जायसवाल से 5 लाख की फिरौती मांगने वाले के मामले को लेकर मंगलवारा थाना पहुंचे और एसडीओपी मोहित कुमार यादव से विस्तार से जानकारी ली. इस दौरान लोगों ने आरोपियों को शीघ्र पकड़ने और व्यापारियों को सुरक्षा देने की मांग की. एसडीओपी मोहित कुमार यादव, स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन के साथ एडिशनल एसपी अभिषेक राजन मुल्लाजी के पेट्रोल पंप के सामने सचिन इलेक्ट्रिकल्स की दुकान पर पहुंचे और उनसे चर्चा की. एसडीओपी यादव ने बताया कि घटना में 5-6 आरोपी शामिल हैं, जो सभी बाहर के हैं. पुलिस भोपाल सहित अन्य स्थानों पर उनकी तलाश कर रही है. बदमाश रज्जू पुर्विया से आरोपियों के साथ संबंध होने की भी जानकारियां मिली है. नर्मदापुरम से पिस्तोल खरीदी के बारे में भी व्यक्ति को चिंहित किया जा चुका है. शीघ्र ही दो-तीन आरोपी पुलिस पकड़ में होगे.

## होटल संचालक के साथ मारपीट

**पिपरिया, 18 मई.** नये बसस्टेंड पर लगातार अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है. होटल संचालक कमलेश साहू के साथ छोटू लोधी व ब्रजेश गोस्वामी ने जमकर मारपीट की. ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व इसी नये बसस्टेंड पर एक पत्रकार के साथ भी मारपीट की घटना हो चुकी है. लगातार घटनायें होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है.

## देवास में समाज चिंतन सभा सम्पन्न, नर्मदापुरम शाखा ने किया प्रतिनिधित्व

**नर्मदापुरम, 18 मई.** देवास में रविवार को आयोजित समाज चिंतन सभा में अखिल भारतीय आदि गौंड बाबीसा ब्राह्मण समाज की विभिन्न शा खाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में नर्मदापुरम शाखा का प्रतिनिधित्व जिलाध्यक्ष गोविंद पराशर और सचिव पीताम्बर जोशी ने किया. समाज की संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक एकता, युवा सहभागिता और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.कार्यक्रम में आदि गौंड बाबीसा ब्राह्मण समाज की करीब 27 शाखाओं से 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए.

## 42 .6 डिग्री हुआ तापमान, डेढ़ डिग्री की बढ़त

**नर्मदापुरम, 18 मई.** मौसम के बदले मिजाज ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है.आसमान से बरसती आग और थपेड़े मारती गर्म हवाओं के कारण अब दिन के साथ-साथ रातें भी सुलगने लगी हैं. मई के 18 दिनों में 10 दिन ऐसे दर्ज हुए हैं, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया है. सोमवार को तो अधिकतम तापमान पिछले 24 घंटों की तुलना में 1.4 डिग्री बढ़त के बाद 42 .6 डिग्री पर जाकर ठहरा.

# जलभराव की समस्या से बचने सभापति ने ली बैठक

**विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश**

**इटारसी. आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग ने शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए कमर कस ली है. स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने आज स्वास्थ्य विभाग के समस्त वार्ड जमादारों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली. बैठक में मानसून पूर्व शहर की सभी नालियों और पुलियाओं की विशेष सफाई और गहरीकरण अभियान चलाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं.**



बैठक के दौरान सभापति राकेश जाधव ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की. उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई वार्डों में लंबे समय से नालियां साफ नहीं हुई हैं, जो सीधे तौर पर कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है. जो कर्मचारी ईमानदारी से काम नहीं करना चाहते, उन्हें चिन्हित किया जाए ताकि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके. 'उन्होंने सभी जमादारों और कर्मचारियों से अपील की कि वे शहर की स्वच्छता को प्राथमिकता दें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें.

**बड़े नालों के लिए जेसीबी के टेंडर जारी**

स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी मयंक अरोरा ने बैठक में बताया कि बड़े नालों की सफाई हेतु जेसीबी के टेंडर जारी कर दिए गए हैं. संबंधित ठेकेदारों द्वारा जल्द ही बड़े नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा. इसके साथ ही, सभी वार्ड जमादारों को आगामी 15 दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाकर उसकी प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. बैठक में मुख्य रूप से स्वदेश महोरिया, जगदीश पटेल उपस्थित रहे.

# बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता हुआ गिरफ्तार

**आरोपी ने शराब के नशे में की वारदात**

**नर्मदापुरम.** सोहागपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने ही पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार घटना 14 और 15 मई की दरमियानी रात की है. आरोपी पिता शराब के नशे में था. रात में वह अपनी बेटी के साथ एक ही पलंग पर सो रहा था. इसी दौरान उसने वारदात को अंजाम दिया. घटना के बाद आरोपी ने बेटी को धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे जान से मार देगा. डरी सहमी नाबालिक ने इस घटना को दो दिन बाद अपनी मां को बताया. मामले की जानकारी मिलने पर पीड़िता के दादा और मां ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. वहीं सोहागपुर थाना प्रभारी राहुल रैकवार ने बताया आरोपी पिता गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ जारी है.

# आज शाम दिखेगा अनोखा नजारा

**नर्मदापुरम, 18 मई. 19 और 20 मई की शाम को आकाश प्रेमियों को एक अद्भुत और विहंगम खगोलीय नजारा देखने को मिलेगा. नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि इन दो दिनों में आसमान में अर्थशाइन नाइट्स का नजारा दिखेगा, जिसे आम भाषा में दा विंची ग्लो या अशेन ग्लो भी कहा जाता है.**



सारिका घारू ने जानकारी दी कि आमतौर पर हमें चंद्रमा का वही हिस्सा दिखाई देता है जिस पर सूर्य की सीधी किरणें पड़ती हैं, लेकिन मंगलवार और बुधवार को हंसियाकार चंद्रमा के समय, सूर्य की किरणें पहले पृथ्वी के बादलों और महासागरों से टकराकर परावर्तित होंगी और फिर चंद्रमा के अंधेरे हिस्से पर पड़ेंगी. इस वजह से चांद का अप्रकाशित हिस्सा भी एक धुंधली और खूबसूरत रोशनी के साथ साफ नजर आएगा.ऐसा लगेगा मानो चांद ने कोई चमकदार मुकुट पहन रखा हो.सारिका ने बताया कि उत्तरी गोलार्ध में इस मौसम के दौरान पृथ्वी की चमक सबसे ज्यादा होती है. बर्फ पिघलने और बादलों की अधिकता के कारण धरती सूर्य के प्रकाश को सबसे ज्यादा रिफ्लेक्ट करती है. यही वजह है कि अप्रैल और मई के महीनों में अर्थशाइन सबसे साफ और चमकीला दिखाई देता है.

शाम को जब आप इसे देखेंगे तो इस खगोलीय घटना का रोमांच तब और बढ़ जाएगा, जब आकाश में चांद के साथ दो चमकीले ग्रह जुपिटर और वीनस भी नजर आएंगे.सारिका घारू के अनुसार, इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए किसी दूरबीन या टेलिस्कोप की जरूरत नहीं है.इसे सूर्यास्त के ठीक आधे घंटे बाद पश्चिमी दिशा में खुली आंखों से देखा जा सकता है.

## उपकेन्द्र टेमागांव को किया ऊर्जीकृत

**हरदा, 18 मई.** हरदा के नवीन 132 के.वी. अति उच्चदाब केन्द्र सोडलपुर (गुरारखेड़ा) में ऊर्जीकृत करके 33 के.व्ही./11के.व्ही. उपकेन्द्र टेमागांव को चार्ज किया गया. इससे टेमागांव उपकेन्द्र से निर्गमित 11 के.व्ही. फीडरों पर वॉल्टेज की समस्या का निदान हो गया.

इसी प्रकार 132 के.व्ही. सोडलपुर अति उच्चदाब केन्द्र से अन्य 33 के.वी फीडरों जैसे उन्द्राकच्छ, पोखरनी, टिमरनी व रहटगांव को भी बारी-बारी से ऊर्जीकृत किया जाना है. इससे लगभग 200 गांवों के 51357 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे.

# पांडुलिपियों के सरंक्षण के लिए हुई बैठक

**हरदा, 18 मई.** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन' के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रचार प्रसार व अन्य आवश्यक कार्यवाहियों के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है.

जिला स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी हरदा को समन्वयक, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय हरदा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सिराली को सदस्य तथा प्रभारी अधिकारी पुरातत्व एवं पर्यटन को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है.

सोमवार को कलेक्टर जैन की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में स्थित मंदिरों, मठों, आश्रमों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन के निर्देश दिए गए.

## मेधावी विद्यार्थियों को दीं ई-बुक

**हरदा, 18 मई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को दसवीं एवं बारहवीं की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को किंडल ई-बुक रीडर प्रदान की.**



जिन विद्यार्थियों को यह ई-बुक रीडर प्रदान की गई, उनमें बारहवीं कक्षा के छात्र जय राठौर एवं दसवी कक्षा की छात्रा थल वंदना मल्हारे शामिल है. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डीएस. रघुवंशी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र बलवन्त पटेल भी उपस्थित थे.

# खेल शिविर में प्रशिक्षण ले रहे हैं खिलाड़ी

**पिपरिया, 18 मई. ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सांदीपनि शासकीय आरएनए स्कूल एवं शासकीय कन्या विद्यालय में चल रहा है. इसमें खिलाड़ी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.**

नियमित अभ्यास से बच्चों में फिटनेस, एकाग्रता एवं आत्मबल का विकास हो रहा है. प्रशिक्षण शिविर में मॉर्निंग रन, योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं दैनिक फिटनेस गतिविधियां कराई गई. सायंकालीन सत्र में व्यक्तित्व विकास घटक में कम्युनिकेशन स्किल, लीडरशिप एवं टीम वर्क एवं मोटिवेशनल सेशन पर विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद शर्मा, डॉ. शैलेंद्र मालविया, स्पोर्ट्स आफिसर शासकीय महाविद्यालय डोलरिया, डॉ. अरुण मोहता ने जानकारी दी. शिविर में खेल एवं युवा कल्याण समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्विया, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी अभिषेक श्रोती, सुशील पटवा, प्रशिक्षक सचिन पुर्विया, निशा ठाकुर, नईम खान, सचिन शर्मा, भरतजी पटेल उपस्थित थे.

## मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्ति

**हरदा, 18 मई.** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 के अंतर्गत दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया 15 मई से शुरू हो गई है. अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि 25 मई तक निर्धारित केंद्रों पर दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी.

**बैठक** | **विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संवेदनशीलता बरतें अधिकारी

**नर्मदापुरम, 18 मई. आवारा गौवंश को अभियान चलाकर गौशालाओं में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं. अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए उनका निराकरण करें. सीमांकन एवं नामांतरण के मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग अभियान मोड में कार्य करें.**

उक्त निर्देश कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए..



कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा के सभी मामलों में निर्धारित समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए तथा प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक के दौरान सभी अनुविभागों में अभियान चलाकर व्यवस्थित रूप से आवारा गौवंश को गौशालाओं में स्थानांतरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. उन्होंने कहा कि इस कार्य को गंभीरता एवं समन्वय के साथ अभियान मोड में संचालित किया जाए, ताकि सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विचरण कर रहे गौवंश से होने वाली समस्याओं का समाधान हो सके. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों की अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाए. उन्होंने कहा की पीएम श्रमयोगी मानधन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण में जिले की रैंकिंग पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस में प्रगति बढ़ाई जाए अन्यथा प्रगति परिलक्षित ना होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी.

## वृद्ध महिला का घर में मिला शव

**माखननगर, 18 मई.** माखननगर थाना क्षेत्र के ग्राम फुरतला में एक वृद्ध महिला का शव उसके ही घर में मिला है. मृतका की पहचान 80 वर्षीय रामबाई पति दशरत राजपूत के रूप में हुई है. गांव के कोटवार ने पुलिस को सूचना दी कि रामबाई का शव घर में पड़ा हुआ है. पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए माखन नगर अस्पताल भेज दिया. थाना प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा.पुलिस ने हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है.

# किसानों को नहीं मिल रहा नहर का पानी

**हरदा, 18 मई. जिले में नहरों से पर्याप्त पानी नहीं मिलने को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर किसानों के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि मूंग फसल की बोनी के समय जल उपभोक्ता समिति की बैठक में किसानों को 2200 क्यूसेक पानी देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक किसी भी दिन इतना पानी उपलब्ध नहीं कराया गया.**



उन्होंने कहा कि इस समय मूंग की फसल फूल अवस्था में है और जिले में तापमान 45 डिग्री से ऊपर पहुंच चुका है. ऐसे में अगले 10 दिनों तक फसल को पर्याप्त पानी की सख्त जरूरत है. उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण फसल के फूल झड़ने लगे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है.

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में केवल 1700 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जो किसानों की जरूरत के लिए पर्याप्त नहीं है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने सोमवार को होशंगाबाद कमिश्नर और सिंचाई विभाग के अधिकारी ए.सी. मीणा से चर्चा कर किसानों को अगले 10 दिनों तक पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांग पूरी नहीं हुई तो जिला कांग्रेस किसानों के साथ आंदोलन करेगी. इस दौरान मोहन सांई ने किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, संदीप सोलंकी के साथ नहरों का निरीक्षण भी किया.

कांग्रेस नेताओं ने सरकार से किसानों की फसल बचाने के लिए तत्काल अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की है.